## एक नजर

### किशोरी को फुसलाकर ले गए, दो पर रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि तीन मई की रात नौ बजे वह मकान से कुछ दूरी पर शौच को गई थी। उसकी 17 साल की बेटी को रामपुर का रहने वाला राहुल बहला फुसलाकर भगा ले गया। गांव के जितेंद्र ने उसकी मदद की है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौहान ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### रहस्यमय ढंग से विवाहिता लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** बीसलपुर की नत्थो देवी ने बताया कि उसकी 25 साल की बेटी मनोरमा की शादी पांच साल पहले क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश के गेंदन से हुई थी। बेटी 29 अप्रैल को गांव स्थित अपने मकान से रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### गड्ढे में बाइक का पहिया जाने से महिला घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी कमला देवी पत्नी वीरपाल रविवार को बाइक से बीसलपुर होते हुए बरेली जा रही थी। बाइक उनका परिचित चला रहा था। ईदगाह चौराहे पर वह गड्ढे में बाइक का पहिया जाने पर झटका लगने से गिरकर घायल हो गई। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया है।

# यहां कागजों पर फुल...हकीकत में घंटों गुल रहती है बिजली

## शनिवार रात शहर में ठप रही आठ हजार घरों की सप्लाई, गर्मी में पारा 40 डिग्री पार होने पर उपभोक्ता तिलमिलाए


कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** इन दिनों भीषण गर्मी की मार तराई वासियों पर पड़ रही है। पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। आपको भले ही सुबह से लेकर दोपहर या शाम तक बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा हो। बिजली न आने की वजह रातों की नींद हराम हो गई हो। बिजली के साथ पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा हो पर पॉवर कारपोरेशन के अफसरों की नजर में शहर में बिजली का कोई संकट नहीं है। दावों के मुताबिक शहर को भरपूर बिजली सप्लाई की जा रही है। शनिवार रात करीब हजार घरों की बिजली अचानक गुल होने पर पहले तो उपभोक्ता इंतजार करते रहे, लेकिन कुछ देर में इनवर्टर भी दगा दे गए। दूसरे दिन रविवार को भी बिजली की आंख मिचौली बरकरार रही।

शहर की बात करें तो बिजली व्यवस्था का हाल एक दशक से अधिक समय से बद से बदतर बना हुआ है। हल्की सी हवा चले, बूंदाबांदी हो या फिर लोड बढ़ जाए। पावर कारपोरेशन के जर्जर संसाधनों में फाल्ट आना तय है। जिसके बाद सुधार कार्य के नाम पर ही घंटों बिजली गुल रहती है और खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है। अघोषित कटौती का समाधान कराने के लिए करीब दो माह से बंच केबल डलवाने का कार्य भी कछुआ गति से चल रहा है। बीते कई दिनों से शायद ही कोई दिन ऐसा गया हो जब खराबी या सुधार कार्य के नाम पर बत्ती गुल न हुई हो। शनिवार को दिन भर की आंख मिचौली के बाद रात को कई इलाकों में बिजली संकट गहरा गया। रामलीला सब स्टेशन में हुए फाल्ट के बाद आधा शहर अंधेरे में डूब गया। मोहल्ला जोशीटोला, एकता नगर, अशोक कॉलोनी, सुनगढ़ी, आसफजान, साहूकारा, मोहतसिम खां, निरंजकुंज, गैस चौराहा, तुलाराम, काली मंदिर, डालचंद, खकरा, डोरीलाल समेत कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। दिन में भी कई बार बिजली गुल हुई थी। लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या भी बनी हुई थी। ऐसे में इनवर्टर ठीक से चार्ज तक नहीं हो सके थे और कुछ देर में ही डाउन पड़ गए। जिसके बाद रात के वक्त गर्मी में बिना बिजली के उपभोक्ता परेशान हो गए। सुधार के लिए टीमें दौड़ाई गई, लेकिन पूर्णतया सुधार रात में नहीं हो सका। कुछ इलाकों में सप्लाई देर रात चालू करा दी गई। मगर एकता नगर, डालचंद समेत अन्य इलाकों के उपभोक्ता तिलमिलाते रहे। दूसरे दिन रविवार सुबह दोबारा टीम लगी और फिर सप्लाई चालू की जा सकी।



एकता नगर कॉलोनी की सप्लाई चालू कराने को मोबाइल ट्रॉली लेकर पहुंची टीम।



रामलीला सब स्टेशन पर सुधार कार्य करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### ईदगाह रोड पर पोल क्षतिग्रस्त, फिर बत्ती गुल

शनिवार रात से चली आ रही बिजली कटौती की समस्या का जैसे-तैसे समाधान हो सका था। शहरवासी राहत महसूस कर रहे थे। इसके बाद रविवार दोपहर को ईदगाह मार्ग पर किसी वाहन की टक्कर लगने से एक विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया और बिजली गुल हो गई। इसका सुधार कराने के लिए टीम भेजी गई और सुधार शुरू करा दिया गया। हालांकि इस दौरान काफी देर तक शहर की बिजली सप्लाई ठप पड़ी रही। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि वाहन की टक्कर से पोल क्षतिग्रस्त होने से सप्लाई बाधित हुई थी।

इन दिनों गर्मी अधिक पड़ रही है। हर साल की तरह इस बार भी बिजली कटौती की समस्या गहराने लगी है। सुधार के नाम पर सिर्फ खोखले दावे किए जा रहे हैं। इस समस्या का स्थायी समाधान कराना चाहिए।
**– आशीष लोधी**, शहरवासी

अभी तो गर्मी की शुरुआत हुई है और बिजली कटौती ने परेशान करना शुरू कर दिया है। सालों से यही सुनते आ रहे है कि जल्द सुधार होगा। इसे लेकर कोई काम चल रहा है। पता नहीं हकीकत में स्थिति कब बदलेगी।
**– नितिन पाराशरी**, शहरवासी

### मच्छरों की भिनभिनाहट करती रही परेशान

एक तरफ गर्मी की मार और उस पर बिजली की कटौती..उपभोक्ता पहले ही समस्या में घिरे हुए थे। इस पर मच्छरों की भिनभिनाहट और परेशानी बढ़ा गई। बता दें कि शहरी क्षेत्र में फॉगिंग के नाम पर औपचारिकता निभाई जा रही है। वीआईपी इलाकों को छोड़ कहीं पर भी फॉगिंग नियमित नहीं हो रही है। गंदगी के ढेर भी लगे हुए हैं। जिसकी वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। शनिवार रात को हुई कटौती के दौरान मच्छरों की समस्या भी अधिकांश इलाकों में बनी रही।

### पानी को लेकर होना पड़ रहा परेशान

शहर में नगर पालिका की पानी की सप्लाई का हाल किसी से छिपा नहीं है। अधिकांश इलाकों में पानी पहुंचता नहीं है। जहां पहुंचता भी है, वहां पर भी गंदा पानी या फिर कीड़े निकलने की शिकायतें सामने आती हैं। अधिकांश उपभोक्ताओं के यहां पानी की सप्लाई विद्युत संचालित मोटरों पर निर्भर है। मगर अघोषित कटौती और लो वोल्टेज के चलते उनके सामने पानी का संकट भी गहराने लगा है।

रामलीला उपकेंद्र पर खराबी आने के चलते सप्लाई बाधित रही थी। इसका टीम लगाकर रात में ही सुधार करा दिया गया था। करीब एक से डेढ़ घंटे सप्लाई बाधित रही है। बेहतर सप्लाई देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।
**– जहांगीर आलम**, जेई, पावर कारपोरेशन

## साहब! पुत्रवधू जमीन हथियाना चाहती है सिपाही कर रहा मदद

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** साहब, पुत्रवधू अपने दूसरी पति के साथ मिलकर जबरन उनकी तीन बीघा जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रही है। घुंघचिहाई थाने का एक सिपाही भी उसकी मदद कर रहा है। जेल भेजने की धमकी देता है। एसपी को शिकायत पत्र भेज एक वृद्धा ने न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम मोहब्बतपुर की कलावती (55) सोबरन सिंह ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसके इकलौते बेटे का 2017 में निधन हो गया था। बेटे की मौत के बाद पुत्रवधू अपना सामान लेकर मायके पूरनपुर चली गई थी। 2019 में उसने लखीमपुर खीरी के एक युवक से दूसरी शादी कर ली। कुछ समय बाद वापस वह घर लौट आई। इसके बाद से पुत्रवधू उसका दूसरा पति दोनों उसके नाम की तीन बीघा जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहे हैं। उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप लगाया घुंघचिहाई थाने में तैनात एक सिपाही आरोपियों की मदद करता है। वह भी जमीन नाम न करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए धमकाता है। सिपाही आरोपियों कहने पर घर आकर आए दिन अभ्रदता करता है। थाने पर शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामले की जांच कराकर सख्त कार्रवाई कराते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

# टनकपुर हाईवे की खामियां दूर करोगा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने परिवहन मंत्रालय के मुख्य अभियंता को लिखा पत्र
- इंटर लॉकिंग फुटपाथ का कार्य स्वीकृत कराने का आग्रह

**अमृत विचार:** प्रशासन ने टनकपुर हाईवे पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों को गंभीरता से लिया है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य अभियंता को भेजा है। इसमें हाईवे के शहरी भाग में इंटरलॉकिंग फुटपाथ निर्माण को स्वीकृति देने को लिखा गया है।

शहर के बीचों बीच से बरेली-टनकपुर हाईवे गुजरता है। शहरी क्षेत्र में हाईवे काफी संकरा है। मार्ग पर 24 घंटे मिश्रित वाहनों का आवागमन रहता है। हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर भी लिखा पढ़ी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक मामला अटका हुआ है। जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर पिछले दिनों जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम-एसपी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिले के ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य कराने का निर्णय लिया गया था। टनकपुर हाईवे की सड़क और फुटपाथ समतल न होने के कारण पिछले करीब एक डेढ़ साल से वाहन पलटने से हादसे हो रहे हैं। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों को टनकपुर हाईवे के फुटपाथ को लेकर सुधारात्मक कार्य कराने को कहा गया था।

जिस एनएचएआई ने टनकपुर हाईवे के फुटपाथ पर पास से ही मिट्टी की खुदाई कर डलवा दिया। इससे फुटपाथ और भी उबड़ खाबड़ हो गया। डीएम संजय कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य अभियंता को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि शहरी क्षेत्र में हाईवे पर कलेक्ट्रेट, जनपद न्यायालय, विभिन्न सरकारी कार्यालय, आवासीय परिसर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान और विद्यालय हैं। हाइवे पर निजी, व्यावसायिक, सरकारी, गैर सरकारी और स्कूली वाहनों की निरंतर आवाजाही रहती है। हाईवे के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। हाईवे एवं फुटपाथ समतल न होने से हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है। साइकिल सवार एवं पैदल यात्रियों के सुरक्षित आवागमन में कठिनाई हो रही है। डीएम ने पत्र में टनकपुर हाईवे के शहरी क्षेत्र में इंटरलॉकिंग फुटपाथ निर्माण को स्वीकृत प्रदान करने का आग्रह किया है।



टनकपुर हाईवे पर सड़क और फुटपाथ की ऊंचाई को लेकर फैली अव्यवस्था।

## दहेज मांग पूरी किए वापस आने पर हत्या की धमकी

**पूरनपुर :** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। उसकी फंदे से लटकाकर हत्या करने की धमकी दी गई। पुलिस ने पति समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द के निवासी नन्हेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री पुष्पा देवी की शादी 27 फरवरी को नवदिया मुजप्ता गांव निवासी रवि कुमार से हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आए दिन विवाहिता से मारपीट की जाती रही। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग की। जिसे पूरा करने में असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। ये धमकी दी गई कि अगर दहेज की मांग पूरी किए बिना वापस आई तो फंदे से लटकाकर हत्या कर दी जाएगी। पुलिस ने पति रवि कुमार, देवर विशाल, ससुर सत्यदेव, राजकुमार, माधुरी देवी, सुलेखा और बबलू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# अब परिषदीय स्कूलों की रसोईया फुल ड्रेस और एप्रन में आएंगी नजर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन ने जारी किया फरमान, जिले में कार्यरत हैं 4216 रसोइयां

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में मिड डे मील बनाने वाली रसोइया अब एप्रन, दस्ताने व हेड कवर पहनकर भोजन बनाएंगी। इसके लिए स्कूलों के प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते में प्रति रसोइया 700 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। रसोइयों के लिए दो-दो सेट एप्रन, दस्ताने और कैप खरीदे जाएंगे। इतना ही नहीं अगर निरीक्षण के दौरान रसोइया ड्रेस में नहीं दिखी तो स्कूल प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों को एमडीएम दिया जाता है। भोजन पकाने की जिम्मेदारी रसोइयों की होती है। जिले में 1509 परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें 1499 परिषदीय और नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शामिल है। जहां छात्र-छात्राओं को दोपहर में भोजन दिया जाता है। जिसे बनाने के लिए 4216 रसोइया कार्यरत हैं।

मिड डे मील योजना पर शासन प्रतिमाह लाखों रुपये का बजट खर्च कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद नौनिहालों को शुद्ध भोजन नहीं मिल पा रहा है। कई बार औचक निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि रसोइया बिना सुरक्षा के मानक पूरे करते हुए भोजन पकाती मिली थी। मगर नए शैक्षिक सत्र में शासन ने रसोइया के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने के साथ ही एप्रन, दस्ताने, हेड कवर पहनकर खाना बनाने के निर्देश दिए हैं।

इस बार ड्रेस में महिला रसोइया की यूनीफार्म में भूरे रंग की साड़ी और पुरुष का पैंट भूरा और बादामी रंग की शर्ट निर्धारित की गई है। इसके लिए 500 रुपये सीधे रसोइया के खाते में भेजे गए हैं। इसके अलावा एप्रन,ग्लब्स, हेड कवर, साबुन आदि के लिए प्रबंध समिति के खाते में प्रति रसोइया चार सौ रुपये की धनराशि भेजी गई है। यह सामान स्कूल के प्रधानाध्यापक खरीदकर रसोइया को उपलब्ध कराएंगे।

मिड डे मील बनाने वाली रसोइया का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। वह अब ड्रेस में ही मौजूद रहकर खाना बनाएंगी। अन्यथा प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा एप्रन, हेड कवर समेत अन्य सामान प्रधानाध्यापक मुहैया कराएंगे।
**– अमित कुमार सिंह**, बीएसए

# पुरानी रंजिश में महिला के प्रेमी के घर बरसाए पत्थर

संवाददाता, पूरनपुर

- तीन माह पूर्व पति को छोड़ चली गई थी प्रेमी के पास
- पुलिस मामले की जांच में जुटी कार्रवाई को तहरीर का इंतजार

**अमृत विचार:** तीन माह पहले एक महिला प्रेमी के साथ चली गई थी। इसके बाद से दो परिवारों में रंजिश चल रही है। महिला के ससुराल वालों ने प्रेमी के घर पर पथराव कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस र पहुंची और जानकारी की। हालांकि आरोपी मौके पर नहीं मिल सके।

कोतवाली क्षेत्र के गांव तकिया दीनारपुर की एक महिला करीब तीन माह पहले दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के पास दिल्ली चली गई थी। पुलिस ने शिकायत के बाद महिला को बरामद कर लिया था। महिला ने पुलिस और ससुराल पक्ष के सामने कोतवाली में प्रेमी के साथ रहने की जिद की। पुलिस ने उसे प्रेमी के साथ जाने दिया। इसे लेकर महिला के पति और प्रेमी के परिजनों के बीच रंजिश चलने लगी। आरोप है कि रविवार सुबह महिला के पति समेत अन्य ससुराल वालों ने प्रेमी के घर के सामने गाली गलौज की। विरोध करने पर घर पर ईंट पत्थर बरसाए। इससे भगदड़ मच गई। प्रेमी के परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचते ही पथराव करने वाले फरार हो गए। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली थी। मगर अभी तक तहरीर नहीं दी गई है।

## किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक पुलिस ने दबोचा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** किशोरी को फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। चालान कर रविवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी भी नाबालिग निकला। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में नामजद किया गया आरोपी भी नाबालिग निकला। किशोरी को बरामद कर लिया गया है। आरोपी किशोर को चालान कर कोर्ट में पेश कर दिया है। लड़की का मेडिकल परीक्षण कराकर बयान कराए जाएंगे।

# हैलो पापा, यह लोग बहुत खतरनाक हैं..

संवाददाता,बिलसंडा

- छात्र की वॉइस कॉपी कर साइबर ठगों ने किया परिवार को फोन
- व्यापारी से की 12 लाख रुपयों की मांग,घर पर मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** हैलो..पापा प्लीज,मुझे बचा लो यह लोग बहुत खतरनाक हैं,मुझे मार डालेंगे। मैने कुछ नही किया,बेकसूर हूँ। यह जैसा बोलें आप बैसा ही करो। रविवार दोपहर ढाई बजे नगर के पेट्रोलियम व्यापारी ने फोन पर आई काल पर अपने बेटे की यह आवाज सुनी तो हड़कंप मच गया। हालांकि जब बेटे से फोन पर बात हुई और उसने बताया कि तो यूनिवर्सिटी में सुरक्षित है। तब परिवार ने राहत की सांस ली।

नगर के प्रमुख उर्वरक व पेट्रोलियम व्यापारी आलोक जायसवाल रिंकू का बड़ा पुत्र यश जायसवाल एक वर्ष से देहरादून में रहकर बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। साइबर ठगों ने उसका बायोडाटा लेकर कम्प्यूटर वॉइस डबिंग के सहारे अनजान नम्बर से आलोक जायसवाल को फोन किया। काल रिसीव करते ही बोला कि हल्लो.. मैं देहरादून कोतवाली से पुलिस इंस्पेक्टर बोल रहा हूं।

आपका बेटा जेल जा रहा है। यह गलत संगत में पड़ चुका है,एक गिरोह में पकड़ा गया है,लो उससे बात करो। उसने जब बात कराई तो व्यापारी को अपने ही बेटे के रोने चिल्लाने की आवाज लगी। इसके बाद ठगों ने बेटे को छोड़ने के बदले 12 लाख रुपयों की डिमांड कर डाली और फोन न काटने की हिदायत दी। हड़बड़ाए व्यापारी को कुछ भी समझ नही आया वह क्या करें। उन्होंने 12 लाख की रकम कुछ कम करने को कहा,तो उधर से गालियां भी दी गईं,और शीघ्र ही दो लाख रुपये ट्रांसफर बाकी बाद में देने की बात कही गयी। चूकिं मामला बेटे की जिंदगी से जुड़ा था, तो व्यापारी सहमत हो गए। अपने फोन से पैसे ट्रांसफर करने वाले थे। गनीमत रही कि पैसे ट्रांसफर नही हुए। पता चला कि इन ठगों के नम्बर पहले ही हायर कर ब्लाक किये जा चुके हैं। उधर जब परिवार में यह खबर लगी तो किसी ने देहरादून फोन कर यश का हाल जानने की कोशिश की,तो वह पढ़ाई करते सकुशल हॉस्टल में ही पाया गया।इतने में ही ठगों को भी पता चल गया कि व्यापारी की बात बेटे से हो रही है, इस पर उसने धमकाया भी।क्योंकि पुत्र का नम्बर ठग पहले ही हैक कर चुके थे।गनीमत रही कि व्यापारी के साथ ठगी होते होते बच गयी।

# नौकरी के लिए युवती ने बड़ी बहन को प्रेमी से पिटवाया

संवाददाता, पूरनपुर

- बहन और उसके प्रेमी पर अपहरण करने का भी आरोप
- घायल युवती को सीएचसी में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार:** पिता की मौत के बाद नौकरी हथियाने को लेकर छोटी बेटी ने बड़ी बहन की प्रेमी से पिटाई करा दी। घायल हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

पीलीभीत के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती के पिता महिला अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। बीमारी के चलते कुछ दिन पहले उनकी मौत हो गई। कर्मचारी की दो बेटियां और एक बेटा है। पिता के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने को लेकर दोनों बहनों में विवाद चल रहा है। छोटी बेटी पूरनपुर के एक गांव में प्रेमी के साथ रहती है। रविवार को उसने पीलीभीत में रहने वाली बड़ी बहन को पिता की नौकरी से संबंधित बात करने सिरसा के जंगल में बुलाया। यहां पिता की नौकरी को लेकर बातचीत के दौरान अचानक छोटी बहन उसके प्रेमी और तीसरे युवक ने युवती की पिटाई शुरू कर दी। आरोप है युवती और साथ आए युवक को बाइक पर जबरन बिठा लिया और अपहरण करने का प्रयास किया। बमुश्किल दोनों उनके चंगुल से छूटकर भाग निकले। युवक ने मारपीट में घायल युवती को पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। मगर मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

तृतीय पुण्यतिथि



स्व. श्री अशोक कुमार सागर
22.02.1965 - 06.05.2021

कभी डर लगता था आपकी डांट से, आज आपकी खामोशी मुझे सताती है।
मुझे मालूम है कि अब आप नहीं आने वाले फिर भी आपकी यादें अक्सर मुझे रूलाती हैं।
हाँ मैं खुश था उस बचपन में जब आपके कंधे पर बैठा था,
मगर बहुत रोया था जब मेरे कंधे पर आप थे।
ये वादा है कि जब तक जी रहा हूँ, आपके दिये संस्कारों पर चलना मेरे काम रहेगा।
हाँ मानता हूँ जिन्दगी में आपका साथ नहीं,
मगर मरते दम तक मेरे नाम के साथ आपक नाम रहेगा।
पापा मेरे पापा, मिस यू बहुत सारा हम सभी आपकी तृतीय पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित नेत्रों से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।...मयूर कुमार

श्रद्धावनत : रामश्री देवी (पत्नी), अनूप कुमार-पिंकी (पुत्र-पुत्रवधू), मयूर कुमार-शिवानी (पुत्र-पुत्रवधू), शुभांश, लाभांश (पौत्र), काव्या, खुशिका (पौत्री) ब्रजरानी-वेद प्रकाश (पुत्री-दामाद) एवं समस्त सागर परिवार

**समस्या** कार्यालय भी जर्जर, सिर्फ दो कमरों में चल रहा दफ्तर, पिछले साल निकले थे बड़ी संख्या में मलेरिया के मरीज, इस बार भी हो चुकी शुरुआत

# स्टाफ न संसाधन जिले में कैसे हो मलेरिया पर नियंत्रण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बुखार और मलेरिया से जिला तप रहा है। आने वाले कुछ दिनों में मरीज और बढ़ने की आशंका भी बनी हुई है। ऐसे में बीमारियों पर नियंत्रण पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा हुआ है, लेकिन स्टाफ और संसाधनों की कमी इस लड़ाई पर भारी पड़ रही है। हालत यह है कि जिले के सरकारी अस्पतालों में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही रोकथाम के पूरे संसाधन। मलेरिया विभाग भी संसाधनों की कमी से बुरी तरह जूझ रहा है। 39 सृजित पदों में मात्र 18 कर्मचारियों से ही काम चलाया जा रहा है। ऐसे में बीमारियों की रोकथाम मलेरिया विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।



ग्रामीण क्षेत्र में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करता कर्मचारी।

सीएमओ के अधीन जिले में मलेरिया विभाग का संचालन किया जाता है। जिसके ऊपर पूरे जिले में संक्रामक बीमारियों के फैलाव को रोकना और लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी होती है। बीते कई सालों से स्टाफ और संसाधनों का रोना बना हुआ है। जिसकी वजह से वह बीमारियों से लड़ने में फेल हो रहे हैं। आलम यह है कि मलेरिया विभाग का कार्यालय तक व्यवस्थित नहीं है। सिर्फ दो कमरों में पूरा मलेरिया दफ्तर चल रहा है, जोकि अब जर्जर होने लगा है। यदि विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों की बात की जाए तो तमाम महत्वपूर्ण पद आज भी खाली पड़े हैं। जिन पर कोई भी भर्ती नहीं हो रही है। उपचार की रही बात तो आठ सीएचसी और 21 पीएचसी का संचालित होती है। मगर उनकी हालत भी दयनीय बनी हुई है। जहां डेंगू-मलेरिया की जांच नहीं हो पाती है। इधर, शहरी क्षेत्रों में गंदे पानी के निकास की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जगह-जगह गंदे पानी का भराव है। वहीं शहरी क्षेत्रों के बाहरी मोहल्लों में खाली प्लाट गंदे पानी के भराव से तालाब का रूप ले चुके हैं। गंदे पानी का भराव मच्छरों के पनपने का सबसे अच्छा माध्यम हैं।


### 92 गांव और 33 मोहल्ले संवेदनशील

डेंगू मलेरिया के लिए 92 गांव और 33 मोहल्ले संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। मलेरिया विभाग की जांच में 700 से अधिक लोगों की जांच में करीब 40 मलेरिया मरीज सामने आ चुके हैं। जिसमें अकेले बिलसंडा ब्लॉक में 33 से अधिक मरीज मिले हैं। ऐसा इसीलिए है, क्योंकि जिले में दवा का छिड़काव ठीक से नहीं हो पाता। मलेरिया विभाग के संसाधनों पर नजर डालें तो सहायक मलेरिया अधिकारी एक ही है। बॉयोलोजिस्ट का एक पद स्वीकृत है जो खाली है। फाइलेरिया निरीक्षक तीन होने चाहिए जबकि सिर्फ दो ही मौजूद है। फील्ड वर्कर में 26 में सिर्फ 13 कर्मचारी ही मौजूद है। कीट संग्रहकर्ता में भी कोई कार्यरत नहीं है। जिन गांवों में बीमारियों से पीड़ित लोग मिले हैं, वहां भी दवा का छिड़काव कराने में मलेरिया विभाग के पसीने छूट रहे हैं। अफसरों की मानें तो कर्मचारियों की डिमांड कर चुके हैं। मगर अभी तक पूर्ति नहीं हो सकी है।

### कर्मचारियों की स्थिति पर नजर

| पद | सृजित | कार्यरत |
|---|---|---|
| जिला मलेरिया अधिकारी | 01 | 01 |
| सहायक मलेरिया अधिकारी | 02 | 00 |
| फाइलेरिया निरीक्षक | 03 | 02 |
| मैकेनिक | 01 | 01 |
| फील्ड वर्कर | 26 | 13 |
| कीट संग्रहकर्ता | 02 | 00 |
| बॉयोलॉजिस्ट | 01 | 00 |
| क्लीनर | 03 | 01 |

मलेरिया विभाग में लंबे समय से स्टाफ की कमी बनी हुई है। शासन से जब डिमांड मांगी जाती है तो उसे बनाकर भेजा जाता है। डेंगू मलेरिया की बीमारियों का समय शुरु हो चुका है। जितना स्टाफ मौजूद है। सभी फील्ड में जाकर दवा का छिड़कावं करने के साथ ही कैंप लगाकर मरीजों की जांच भी कर रहे हैं।
**– पंकज द्विवेदी**, जिला मलेरिया अधिकारी

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# इलाज कम...दर्द ज्यादा दे रहा मेडिकल कॉलेज

## छह दिन से खराब मोटर सही कराने को शासन से सख्ती पर दौड़े अफसर, नई मोटर लगने पर भी मरीजों को राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज... कहने को यहां मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने का दावा किया जा रहा है। लेकिन, यहां मरीजों को कौन-कौन सी समस्याओं से जूझना पड़ता है, यह भर्ती मरीजों से बेहतर कोई नहीं जानता। यहां मरीजों को एक समस्या नहीं झेलनी पड़ रही है बल्कि तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से तो मरीजों का सबसे ज्यादा बुरा हाल है। एसी में बैठे अफसर भी तब हरकत में आते हैं जब मामला शासन तक पहुंचता है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छह दिन से खराब पड़ी पानी की मोटर तब बदली गई शनिवार को जब मामला शासन तक पहुंच गया।

अपर मुख्य सचिव की फटकार के बाद देर रात एडीएम ऋतु पुनिया, एसडीएम देवेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार और प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा मौके पर रहीं। देर रात तक मोटर मरम्मत का काम चलता रहा। तड़के नई मोटर लगवा दी गई। मगर, रविवार को एमसीएच विंग की दूसरी और तीसरी मंजिल पर पीने की समस्या बरकरार रही। वहीं भीषण गर्मी में पुरुष अस्पताल के वार्डो में भर्ती मरीजों के लिए पंखे भी बंद रहे। हालांकि इस बार भी तर्क रहा कि जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज का दर्जा मिला है। धीरे-धीरे व्यवस्थाएं पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल अभी भी मरीजों को दिक्कतें झेलना पड़ रही हैं।

- **गर्मी में पंखे बंद होने से भी मरीजों के सामने बनी रही दिक्कत**
- **मरीज बोले, उठानी पड़ रही दिक्कत, यहां कोई सुनता नहीं**


एमसीएच विंग में द्वितीय तल पर लगी पानी की मशीन पड़ी ठप।


यह है मेडिकल कॉलेज का हाल...वेंटिलेटर मौजूद फिर भी रेफर हो रही हाई रिस्क प्रेग्नेंसी महिलाएं

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


मेडिकल कॉलेज के पुरुष अस्पताल में वार्ड नंबर 12 में बंदा पड़ा पंखा।


न तो समय से इलाज मिल रहा है, और न ही कोई सुविधाएं। भर्ती मरीजों को कोई भी समय से देखने के लिए नहीं आता है। पंखा कई दिनों से बंद है। मगर उसे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई जा रही है।
– युसूफ मदार, मरीज


अस्पताल में कई दिनों से भर्ती हैं। भीषण गर्मी में भी पंखा बंद पड़ा है। शिकायत करने पर कर्मचारी जल्दी ठीक कराने का आशवासन देकर चलते जाते हैं। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद व्यवस्थाएं सुधारने के बजाए और खराब हो गई है।
–हरद्वारी लाल, मरीज

पानी की मोटर को ठीक करा दिया गया है। मशीन में पानी नहीं आ रहा है तो उसे भी दिखवाकर ठीक कराया जाएगा। रही बात पंखें न चलने की ..तो मेरे संज्ञान में नहीं है। सीएमएस से जानकारी लेकर उसे भी ठीक कराया जाएगा। अव्यवस्थाओं को सुधारने में थोड़ा वक्त लग रहा है। जल्द ही बेहतर ढंग से मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाएगा।
– डॉ .संगीता अनेजा, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

### शौचालय बने पर लटक रहे हैं ताले

एमसीएच विंग में मरीजों और तीमारदारों की सुविधा के लिए शौचालय बने हैं। मगर स्टाफ ने ताला लगा रखा हैं। वहीं एक –एक शौचालय में एचओडी और अन्य स्टाफ ने कब्जा करते हुए अपनी चिट चस्पा कर ताला लगा दिया है। जो शौचालय मरीजों की सुविधा के लिए बने हैं। उनमें भी ताले लटक रहे हैं। एमसीएच विंग में द्वितीय तल पर बने दिव्यांग शौचालय और महिला शौचालय में ताला लटका मिला। मरीजों के कहने के बाद भी स्टाफ ताले नहीं खोलता है। सिर्फ एमसीएच विंग में भूतल पर ही सार्वजनिक रुप से शौचालय खुले हुए हैं। जिस वजह से मरीजों और तीमारदारों को आना पड़ता है।



### नहीं सुधरे अफसर और ओके बताकर भेजी रिपोर्ट

मोटर लगवाने के बाद भूतल पर पानी की सप्लाई को चालू दिखाकर अफसरों ने शासन को फोटो भेज दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिए। जबकि रविवार को अमृत विचार की टीम ने एमसीएच विंग और पुरुष अस्पताल की हकीकत को परखा तो अफसर जिस एमसीएच विंग में मोटर लगवाने के बाद पानी की सप्लाई चालू कराने की बात कह रहे थे। वहां द्वितीय तल पर लगी पानी की मशीन में पानी आता हुआ नहीं मिला। पूरनपुर के गुलड़िया भूप सिंह के सरताज ने बताया कि उनकी पत्नी एक सप्ताह से यहां भर्ती है। छह दिन से पानी नहीं आ रहा था। शनिवार रात को अफसर आए थे। तो ठंडे पानी की मशीन में पानी आ रहा था। मगर रविवार को फिर से पानी बंद हो गया। यहां अव्यवस्थाएं पूरी तरह से हावी है। कोई सुनने को तैयार नहीं है। इधर, द्वितीय और तृतीय तल पर बने वार्डो में कई जगह पंखे भी बंद मिले। इसके अलावा पुरुष अस्पताल में प्रथम और द्वितीय तल पर पंखे चलते मिले। तृतीय तल पर बने वार्ड में पंखा नहीं चल रहा है। जिस वजह से मरीजों को कमरे में अपना बेड इधर उधर करने को मजबूर दिखे। ताकि इस भीषण गर्मी से उन्हें राहत मिल सके।

### बंद पड़ी लिफ्ट, सीढ़ियों का रह गया सहारा

एमसीएच विंग का भवन बनने के पांच माह बाद ही यह लिफ्ट खराब हो गई। जिसको आज तक ठीक नहीं कराया गया है। कोरोना काल में तीन साल इसमें कोविड वार्ड संचालित किया जाता रहा। मगर लिफ्ट ठीक नहीं कराई गई। अब महिला अस्पताल को वहां शिफ्ट कर दिया है। लेकिन फिर भी लिफ्ट ठीक नहीं कराई गई है। कार्यदायी संस्था को कई बार पत्र जारी किया गया है। फिर लिफ्ट ठीक नहीं हो सकी है। ऐसे मे गर्भवतियों और बीमार बच्चों को लेकर परिवार वालों को सीढ़िया या रैप के सहारे पांच मंजिल तक जाना पड़ रहा है।

## टहलने निकले युवक पर किया हमला

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला दुबे के रहने वाले ऋषभ पुत्र नंदलाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार देर रासत खाना खाने के बाद टहलने गए थे। इस बीच मोहल्ले का ही एक युवक आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर पीड़ित की पिटाई कर दी। सर में किसी भारी वीज से वार करके लहूलुहान कर दिया। लोगों के जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छत से गिरी महिला, दूसरे दिन सड़क पर मिला शव

संवाददाता, बरखेड़ा

- **आसपास के लोगों ने शव देखा तो मचा हड़कंप, जुटी भीड़**
- **बरखेड़ा के गाजीपुर कुंडा में तीन दिन पहले हुई घटना**

**अमृत विचार:** छत पर सो रही महिला नींद में किसी काम के लिए जागी और कुछ कदम चल सकी थी कि पीछे की तरफ गली में गिर गई। इस बात से अंजान परिवार वाले बेफ्रिक होकर सोते रह गए। उधर, महिला की जान चली गई।

दूसरे दिन सुबह पड़ोसियों ने जागने पर गली में शव पड़ा देखा तो भीड़ जमा हो गई। महिला के मायके वाले भी पहुंच गए। फिर गमगीन माहौल में बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पीड़ित परिवार में चीख पुकार मची रही।

हादसा बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर कुंडा का है। यहां के रहने वाले दिनेश कश्यप मजदूरी करते हैं। शनिवार रात परिवार के सदस्यों ने साथ खाना खाया। दिनेश अपने बेटे प्रताप को लेकर परिसर में ही पड़ी झोपड़ी में सोने चले गए। उनकी पत्नी सरस्वती (38) गर्मी होने पर तीन बेटियों स्वाति, संजना और आस्था को लेकर छत पर बने कमरे में सोने चली गई। बताते हैं कि देर रात किसी काम के लिए सरस्वती उठी और नींद में चलते वक्त छत से गिर गई। जिसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह आस पड़ोस के ग्रामीण घरों से निकले और गली में सरस्वती को मृत हालत में पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गए। शव पड़ा होने का शोर मचते ही काफी लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर मायके वाले भी आ गए। फिर दोपहर में गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## पूर्व चेयरमैन अटल सिंह अस्वस्थ, बरेली में भर्ती

**बिलसंडा।** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल को किडनी की समस्या के चलते शनिवार को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें खतरे से बाहर बताया है। उनके पुत्र सुमित जायसवाल ने बताया कि इससे पहले भी दिल्ली में गुर्दे की पथरी का इलाज हो चुका है। दो वर्ष बाद यह समस्या फिर से उत्पन्न हुई। व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल, विक्रम गंगवार, अजय जायसवाल ने रविवार को अस्पताल पहुंचकरकुशलक्षेम जाना। डीके गुप्ता, देवदत्त सक्सेना, बन्टू जायसवाल, मन्ने सक्सेना, बंटी बाबू गुप्ता, पंकज जायसवाल, सुरेश चंद्र राय, डा. पंकज गुप्ता, रमेश गुप्ता, आशीष सक्सेना ने उनके स्वास्थ्य होने की कामना की।

## न्यू श्रीधनवंतरी चिकित्सालय का लाइसेंस निलंबित

संवाददाता, बीसलपुर



इसी अस्पताल का लाइसेंस किया है निलंबित।

- **गड़बड़ी मिलने पर सीएमओ ने शनिवार को ऑपरेशन थिएटर किया था सील**
- **स्वास्थ्य विभाग के एक्शन से मची रही खलबली**

**अमृत विचार:** एक दिन पूर्व की गई छापेमारी में अनियमित्ताएं मिलने न्यू धनवंतरी चिकित्सालय का ऑरेशन थिएटर सील किया था। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग एक्शन मोड में है। रविवार को सीएमओ ने अस्पताल का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई का शोर मचते ही अन्य निजी अस्पताल संचालकों में खलबली मची रही।


दरअसल, मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ.लेखराज, नायब तहसीलदार वीरेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ पीलीभीत मार्ग पर स्थित न्यू श्रीधनवंतरी चिकित्सालय में छापा मारा था। अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी थी और मरीजों से वार्ता कर शिकायत में लगाए गए झोलाछाप से इलाज कराने समेत अन्य आरोपों की हकीकत परखने का प्रयास किया था। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती प्रसूताओं के बयान दर्ज किए गए थे। जिसमें अधिकांश ने ये बात स्वीकार की थी कि ऑपरेशन से हुए प्रसव के बाद से उन्हें देखने के लिए कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय के रिकॉर्ड में काफी कमियां पाई गई थी। ऑपरेशन थिएटर सील करने के बाद विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सीएचसी अधीक्षक की ओर से सीएमओ को भेज दी गई थी। इसी के आधार पर सख्त रूख अपनाते हुए सीएमओ डा. आलोक कुमार शर्मा ने उक्त चिकित्सालय का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

तृतीय चरण : 07 मई, 2024
मतदान का समय : प्रात: 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज़ (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)



लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र
संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला, बरेली

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें



पोलिंग बूथ पर उपलब्ध सुविधाएं
- पीने का पानी, टॉयलेट, वेटिंग एरिया व लंबी कतार होने पर बैठने की व्यवस्था
- दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप व वॉलिंटियर की सुविधा

कृपया पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन लेकर न जाएं

मैं हूँ ना!! वोटर लिस्ट में? जिम्मेदार बनें भागीदार बनें Voter Helpline App ऐप में चेक करें #मैं हूँ ना

हर वोट है जरूरी
मतदान जरूर करें

#एक वोट देश के लिए

QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP
अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

## कार सवारों ने लगाया वन कर्मियों पर धमकाने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सीतापुर के महमूदाबाद निवासी मुनेंद्र पाल सिंह बताया कि शनिवार को वह नैनीताल स्थित बाबा नीम करोली आश्रम जा रहे थे। भूलवश बाइफरकेशन पहुंचने पर एक जिप्सी के पीछे-पीछे चूका गेट तक पहुंच गए। वहां फॉरेस्टर सुरेंद्र गौतम आदि ने रोक लिया और मौके पर वन क्षेत्राधिकारी को भी बुला लिया। आरोप है दोनों वनकर्मियों ने उन्हें धमकाते हुए सभी के मोबाइल फोन ले लिए। छोड़ने के एवज में सुविधा शुल्क की मांग की। जिस पर उन्हें 6200 रुपए नकद दिए गए जबकि 3800 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। इधर महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र कुमार यादव ने शिकायत को निराधार बताया है। उन्होंने बताया कि कुछ कार सवार जंगल में अवैध रूप से घूमते पाए गए थे। उसने जुर्माना वसूला गया है।

### विदेशी सैलानियों की आमद ने भी तोड़ा पिछले कई सत्रों का रिकॉर्ड, अब तक आ चुके 112 विदेशी सैलानी

# खूब भा रहा पीटीआर... टूटा पिछले पर्यटन सत्रों का रिकॉर्ड

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- 15 नवंबर से अब तक आ चुके हैं 28790 सैलानी
- 15 जून को समाप्त हो जाएगा पीटीआर का पर्यटन सत्र

**अमृत विचार:** पर्यटन के क्षेत्र में पीलीभीत टाइगर रिजर्व साल दर साल नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। बाघों की बढ़ती संख्या के साथ यहां देशी-विदेशी पर्यटकों की आमद भी पिछला रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है।

पीटीआर के पिछले पर्यटन सत्रों की बात करें तो सर्वाधिक 28790 पर्यटक चालू पर्यटन सत्र में आ चुके हैं। वहीं इस बार विदेशी पर्यटकों की आमद भी पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। चालू सत्र में अब तक अमेरिका, जर्मनी फ्रांस आदि देशों के 112 विदेशी अपनी आमद दर्ज कर चुके हैं। यह स्थिति तब है जब पर्यटन सत्र समाप्त होने पर 40 दिन शेष बचे हैं। तराई की गोद में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक संचालित


पर्यटकों से गुलजार बाइफरकेशन ● अमृत विचार

> पीटीआर में पर्यटन को विस्तार दिया जा रहा है। वर्तमान पर्यटन सत्र में सप्त सरोवर पर भी पर्यटन से संबंधित कार्य कराने के बाद यहां पर्यटकों की आमद शुरू हो चुकी है। पर्यटन सत्र के दौरान सभी व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

किया जाता है। बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड हासिल कर विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुका है। पीटीआर का टूरिज्म स्पॉट चूका बीच प्राकृतिक सुंदरता की अद्भुत मिसाल बन चुका है। प्रकृति को करीब से निहारने और बाघ समेत अन्य वन्यजीवों का दीदार करने के लिए देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। जो जंगल के बीचो बीच बने चूका बीच की हटों में ठहरने के साथ जंगल सफारी का आनंद भी लेते हैं। अंतराष्ट्रीय स्तर पर पीटीआर अपनी खासी पहचान बना चुका है। ऐसे में विदेशी पर्यटकों को भी पीटीआर अपनी ओर खासा आकर्षित कर रहा है। यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है। पिछले पर्यटन सत्र 2022-23 की बात करें तो छह माह में देश के कोने-कोने से 23,525 देशी एवं 54 विदेशी पर्यटकों ने पीटीआर की सैर की थी। गत सत्रों की तरह इस बार भी पर्यटन सत्र की शुरुआत पिछले साल के 15 नवंबर से हुई थी। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक साढ़े चार माह में देश के कोने-कोने से 28,678 देशी पर्यटक पीटीआर में प्रकृति एवं वन्य जीवों का दीदार करने पहुंचे। जोकि पिछले सभी पर्यटन सत्रों से सर्वाधिक है। वहीं विदेशी पर्यटकों ने साढ़े चार माह में ही पिछले सभी पर्यटन सत्रों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक इस बार अभी तक पांच देशों के राजदूतों के अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों के 112 विदेशी पर्यटक जंगल की हरी भरी वादियों और वन्यजीवों का दीदार कर चुके हैं। यह स्थिति तब है जब पीटीआर के पर्यटन सत्र समाप्त होने में 40 दिन का समय बाकी है। पीटीआर में देशी एवं विदेशी पर्यटकों की बढ़ती आमद से वन अफसर भी खासे गदगद है।

### 64.20 लाख की हो चुकी है इनकम

पीटीआर के पर्यटन सत्र से होने वाली आय ने भी पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया। चालू पर्यटन सत्र में 30 अप्रैल तक 64,20780 रुपए की आय हो चुकी है। वन अफसरों के मुताबिक बीते पर्यटन सत्र में 51.04 लाख रुपए की आय हुई थी।

### पीटीआर के पर्यटन सत्र पर एक नजर

| वर्ष | देशी पर्यटक | विदेशी पर्यटक |
|---|---|---|
| 2014 | 11135 | 00 |
| 2015 | 14172 | 10 |
| 2016 | 17566 | 13 |
| 2017 | 16360 | 15 |
| 2018 | 14887 | 16 |
| 2019 | 15885 | 23 |
| 2020 | 7122 | 13 |
| 2021 | 12579 | 02 |
| 2022 | 16287 | 07 |
| 2023 | 23525 | 54 |

## घर में घुसकर पिता पुत्री को पीटा, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** घर में घुसकर पिता-पुत्री की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें चार लोगों को आरोपी बनाया है।

ग्राम रम्पुरा नत्थू के रामविलास ने बताया 27 मार्च की शाम वह घर पर बैठे थे। इस बीच गांव का कोमिल, रमेश, साधू, जोगराज नशे की हालत में आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। शोर सुनकर बेटी शीतल बचाने आई तो उसकी भी पिटाई कर दी। आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस से उस वक्त शिकायत की गई लेकिन जांच के नाम पर टाल दिया गया। जिसके बाद कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कागजों पर सफाई, धरातल पर गंदगी के ढेर नजर आ रहे

### मलेरिया डेंगू के प्रकोप के बीच गांवों में फॉगिंग न सफाई, बीमारियों का खतरा, कागजों में दिखाए जा रहे हैं खूब काम

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** गंदगी और जलभराव से संक्रामक व मच्छर जनित बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। विशेष सफाई अभियान के बावजूद शहर से लेकर गांव-देहात तक सफाई कर्मचारी पहुंच ही नहीं रहे। कागजों में तो जिम्मेदारी तय करने के साथ ही गलियों में साफ-सफाई और दवा का छिड़काव भी कराया जा रहा। मगर, धरातल पर हालात अभी भी कई जगह बद से बदतर हैं। मलेरिया और स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, पंचायती राज विभाग भी बेपरवाह बना हुआ है। जिन गांवों में मलेरिया के मरीज मिले चुके हैं, वहां भी स्थिति दयनीय बनी हुई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं है।

जिले में अब तक मलेरिया के 40 केस सामने आ चुके हैं। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों की ओपीडी फुल देख संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की जा चुकी है ताकि मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके। लेकिन शहर से लेकर गांव-देहात तक तस्वीर बेहद चौंकाने वाली है। मलेरिया और स्वास्थ्य विभाग औपचारिकता निभा रहा। अकेले बिलसंडा में 33 मरीज मिल चुके हैं। अन्य मरीजों की जांच चल रही है। यह वह गांव हैं जहां पिछली साल भी डेंगू और मलेरिया के मरीज सामने आए थे। लेकिन इसके बाद भी इन गांवों में साफ सफाई को लेकर कोई विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को गांवों की रियल्टी चेक कराई गई तो हालत बद से बदतर मिले। नालियों में जगह जगह पानी जमा मिला। कई स्थानों पर कूड़े ढेर लगे दिखाई दिए। मलेरिया विभाग की ओर से फॉगिंग तक नहीं कराई गई थी। जिस वजह से वहां मच्छर जनित बीमारियां तेजी से पनप रही हैं।


अमरिया के गांव भिकारीपुर में सड़क किनारे भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

### गंदगी से पटा गांव, बदबू से परेशान ग्रामीण, बीमारियों का खतरा

अमरिया : गांव नगरिया कॉलोनी और भिकारीपुर गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल मिली। गांव में नालियों में गंदगी से पटी मिली। साथ ही सड़कों पर जलभराव की स्थिति पाई गई। जिस वजह से गांव में संक्रामक बीमारियों को खतरा बना हुआ है। घरों के आसपास जगह-जगह जलभराव होने से बदबू से लोग परेशान हैं। सफाई कर्मचारी की उदासीनता के अलावा इस गांव में अभी तक मलेरिया टीम की ओर से भी कोई जांच पड़ताल नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना सफाई न होने के कारण नालियों में गंदगी भर रहती है। न ही फॉगिंग और दवा का छिड़कावं कराया गया है। इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है।

### जहां मलेरिया मरीजों की भरमार, वहां लगे गंदगी के ढेर

**बिलसंडा :** ब्लॉक में इस बार फिर से मलेरिया मरीजों की भरमार है। ब्लॉक के गांव मुड़िया बिलहरा, जयपालपुर, बंदामानपुर और दियूरिया खुर्द गांव में 14 मलेरिया के नए मरीज दो दिन पहले मिले थे। बावजूद इन गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। शनिवार को इन गांवों की पड़ताल की गई तो बिलहरा गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे मिले। तो वहीं नाले नालियां भी चोक पड़े दिखे। जिस वजह से गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। जबकि पिछली साल डेंगू मलेरिया से कई लोगों की मौत हो चुकी है। मगर अफसर फिर भी संजीदा नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में सफाई व्यवस्था बदहाल बनी हुई है, कोई सुनने को तैयार नही है।



- **ओडीएफ में चयनित ग्राम पंचायतों में भी बदतर हालात**

फॉगिंग और दवाओं का छिड़काव चुनिंदा इलाकों तक

शहर के बिजली घर तिराहा वाला नाला गंदगी से चोक पड़ा है। स्थानीय लोगों की मानें तो संचारी अभियान चलने के बाद भी कोई कर्मचारी सफाई करने तक नहीं आता है। फॉगिंग के नाम पर कोई गाड़ी नहीं आई। शाम होते ही मच्छरों की भिनभिनाहट शुरु हो जाती है। नालियां कचरे से पटी हुई हैं। इसके अलावा अयोध्याधाम कॉलोनी में भी पानी का निकास न होने पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जगह-जगह गंदगी पटी पड़ी है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।


बिजली घर तिराहा के पास नाले में लगा गंदगी का ढेर। ● अमृत विचार

## हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलटी मैजिक, छह घायल


हादसे के बाद सड़क पर पलटी मैजिक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बरखेड़ा**

**अमृति विचार:** हाईवे पर सवारियों से भरी मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में मैजिक में सवार शाहजहांपुर के छह लोग घायल हो गए जबकि तीन को मामूली चोट आई। सभी उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि के दरबार में दर्शन करने जा रहे थे। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर हादसे की जानकारी जुटाई। हालांकि मैजिक पलटने के कारण को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो सकी। मौके पर भीड़ लगी रही।

हादसा रविवार शाम का है। बीसलपुर से सवारियां भरकर एक मैजिक पीलीभीत के लिए रवाना हुई। मैजिक में चालक के अलावा शाहजहांपुर के नौ लोग सवार थे। जोकि माता पूर्णागिरि दरबार में दर्शन करने के लिए घर से आए थे। पीलीभीत पहुंचने पर वहां से ट्रेन या बस में सवार होकर गंतव्य को रवाना होते।बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर नवादा महेश गांव के पास पहुंचते ही मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में मैजिक में सवार शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के गांव भौरखेड़ा निवासी संतोष कुमार (30), उनकी पत्नी धर्मवती (26), बेटा सत्यम (4), ललिता (27) पत्नी श्यामाचरन, उनकी सास सोमवती (50) पत्नी राम लड़ैते, हिमांशु (12) पुत्र संजीव कुमार घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बरखेड़ा भिजवाया गया। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पहले से ही भीड़ जमा थी। पुलिस ने मौका मुआयना कर हादसे की जानकारी की। फिर सीएचसी पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जाना।

# तहसीलदार के बाद खनन अधिकारी ने दी तहरीर

**संवाददाता, पूरनपुर**

- सेहरामऊ क्षेत्र में तीन दिन पहले अवैध खनन के मामले में नायब तहसीलदार पर हमले का मामला
- जांच के दौरान खुली पोल, साक्ष्य मिटाने को खेत स्वामी ने कर दी गई थी ट्रैक्टर से जुताई
- खनन अधिकारी ने खेत स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को पूरनपुर कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार:** अवैध खनन करने वालों को नायब तहसीलदार पर हमला करना महंगा पड़ गया है। एक एफआईआर नायब तहसीलदार की तरफ से दर्ज की जा चुकी है। वहीं, अब खनन अधिकारी की जांच में भी अवैध खनन की पुष्टि हुई है। यह भी सामने आया है कि साक्ष्य मिटाने के लिए खेत की ट्रैक्टरों से जुताई करा दी गई थी। खनन अधिकारी ने खेत स्वामी पर कानूनी कार्रवाई के लिए अलग से पुलिस को तहरीर दी है।

सेहरामऊ क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आ रही थी। मगर एक्शन नहीं हो पा रहा था। गुरुवार रात को नायब तहसीलदार जगतपुर के पास अवैध खनन की जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान गांव के ही चन्नू उर्फ मोहम्मद मुस्तफा, इकलाक सहित दर्जन भर लोगों ने धारदार हथियार लेकर हमला कर दिया था।

इस मामले में नायब तहसीलदार की ओर से जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है। शनिवार को खनन अधिकारी अशोक कुमार, एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने जगतपुर गांव पहुंचकर खनन की जांच पड़ताल की थी। जांच के बाद खनन अधिकारी ने इसकी रिपोर्ट तैयार की। बिना अनुमति रात में मिट्टी खेत से निकालने की बात सामने आई। खनन के दौरान लगभग 1200 घन मीटर मिट्टी खेत से निकाली गई। जांच से पहले ही खेत स्वामी ने साक्ष्य मिटाने के लिए ट्रैक्टर हैरो से खेत की जुताई करवा दी थी। नायब तहसीलदार पर हमला करने वाले आरोपियों को बचाने के लिए खेत स्वामी ने उनका सहयोग किया। खनन अधिकारी ने जांच रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को सौंप दी।

खनन अधिकारी अशोक कुमार ने खेत स्वामी रायपुर बिचपुरी गांव निवासी जुम्मन के खिलाफ सेहरामऊ थाने में तहरीर दी है। उन पर खनन करवाने और साक्ष्य मिटाने का आरोप है। हालांकि नायब तहसीलदार पर हमला करने वाले आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हैं। उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सेहरामऊ उत्तरी एसओ प्रकाश सिंह ने बताया कि खनन अधिकारी की ओर से तहरीर मिली है खेत स्वामी का नाम पूर्व में दर्ज किए गए मुकदमे में ही शामिल किया जाएगा।


दो नामजद समेत 17 लोगों पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: अवैध खनन की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार पर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद और पंद्रह अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है। खनन अधिकारी ने दूसरे दिन अधिकारियों के साथ क्षेत्र में पहुंचकर जांच पड़ताल की। खनन विभाग की ओर से भी आरोपियों पर शिकंजा कसा जाएगा।

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

> मौके पर पहुंचकर खनन की जांच की गई है। अवैध रूप से जगतपुर के खेत से मिट्टी निकाली गई। खेत स्वामी ने मिट्टी निकालने के बाद खेत की जुताई कराकर साक्ष्य मिटा दिए। पुलिस को इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। कार्रवाई कराई जा रही है।
> – **अशोक कुमार**, खनन अधिकारी

## आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर जताई नाराजगी

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण की ग्यारह वर्षीय पुत्री 28 अप्रैल की घर पास खेल रही थी। इस बीच कार सवार चार युवक उसे अगवा करके ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया गया। इस मामले में अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर परिजन में नाराजगी थी। रविवार को गुस्साए ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि किशोरी को फुसलाकर ले जाने का मामला संज्ञान में आते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। किशोरी को बरामद कर कार्रवाई चल रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम लगी है।

# ग्रामीण की जान लेने वाला सांड़ पकड़ा

**संवाददाता, दियोरियाकलां (बीसलपुर)**

**अमृत विचार:** ग्रामीण को पटककर मौत के घाट उतारने वाले सांड़ को पकड़ने के लिए जिम्मेदारों ने सुध ली। काफी देर तक सांड़ काबू में नहीं आ पा रहा था।जिसके बाद से बेहोश किया गया और फिर वाहन में लादकर गोशाला भिजवा दिया।हमलावर हो रहे सांड़ के पकड़े जाने से ग्रामीणों न राहत महसूस की है।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनपुरा निवासी 55 वर्षीय रामपाल शनिवार सुबह खेत पर ही बनाई गई नर्सरी की रखवाली करने गए थे। इस दौरान आवारा सांड़ ने हमला कर दिया था। जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया था। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार पैतृक गांव परेवा तुर्राह में कर दिया गया था। हमलावर हो रहे सांड को पकड़वाने की मांग ग्रामीणों ने की थी। जिसके बाद जिम्मेदारों ने सुधि ली। रविवार को वन विभाग और पशुपालन विभाग की टीम गांव पहुंची। वन विभाग के डॉ. दक्ष गंगवार, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ.योगेंद्र दिनेश सक्सेना, अशोक कुमार, महेश कुमार आदि ने सांड की घेराबंदी की। काफी देर बाद भी सांड़ पकड़ में नहीं आ रहा था। इस पर उसे ट्रैंक्यूलाइज करने की रणनीति बनाई गई। जिसके बाद तराई में बाघों को ट्रैंक्यूलाइज करने वाले डॉ.दक्ष ने सांड़ को ट्रैंक्यूलाइज कर दिया। बेहोश सांड़ को वाहन में लादकर राजपुर कुंडरी स्थित गौशाला में पहुंचा दिया है।


सांड़ को बेहोश करती टीम। ● अमृत विचार

## वीडियो बनाई, फिर की छेड़छाड़

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बरखेड़ा क्षेत्र की एक महिला ने सदर कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 02 मई को वह अपनी सत्रह वर्षीय पुत्री के साथ कोर्ट गई थी।

दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कचहरी परिसर में पुत्री के साथ खड़ी थी। इस बीच ग्राम दियोरा निवासी एक युवक अपने साथियों के साथ आया और पीड़ित मां-बेटी की वीडियो मोबाइल से बनाने लगे। इसका जब विरोध किया तो आरोपियों ने पुत्री से छेड़छाड़ की। चीख पुकार सुनकर काफी लोग जमा हो गए और बेटी को बचाया। इसके बाद आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धर्मकर्म

### धरा की गोद में विलुप्त हुआ किले का अस्तित्व, राजस्व एवं पुरातत्व विभाग की अनदेखी के कारण हुई यह दशा

# ...कहानियों में ही सिमटकर रह गई राजा मोरध्वज की यादें

**सुरेश जायसवाल, बिलसंडा**

**अमृत विचार:** द्वापर में हुए राजा मोरध्वज के किले का अस्तित्व अब लगभग खत्म हो चुका है। पुरातत्व विभाग की अनदेखी के चलते अब इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। कुछ वर्ष पहले तक किले के अवशेष एवं अन्य धरोहरें मौजूद थीं। उस वक्त कोई ध्यान नहीं दिया गया और किला धरा की गोद में विलुप्त होता चला गया। अब तो किले की जमीन पर लोगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा करके उस पर फसल भी उगानी शुरू कर दी है।

वहीं सैकड़ों बीघा जमीन पर भी लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिसे हटवाने के लिए बाबा मढानाथ मंदिर के महंत गुड्डू दास द्वारा काफी प्रयास भी किया गया, लेकिन जिम्मेदारों ने साथ नहीं दिया।

बताते हैं कि राजा मोरध्वज का किला गांव से उत्तर पूरब की दिशा में स्थित खन्नौत नदी के समीप था। जहां पर कुछ समय पूर्व तक किले के अवशेष अक्सर लोगों को मिलते रहे। वहीं अठकोना कुआं भी लोगों ने पाट कर जमींदोज कर दिया। यह अलग बात है कि किला परिसर में ही स्थित जिस जगह पर राजा ने भगवान भोलेनाथ का मंदिर बनवाया था । आज उसी मंदिर को भव्य रुप दिया जा चुका है। जो अब बाबा मढ़ानाथ के रूप में जाना जाता है। मंदिर से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है ।यहां पर प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है ।किवदंती है कि राजा मोरध्वज की परीक्षा लेने के लिए अर्जुन के साथ भगवान कृष्ण उनके महल पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने अपने शेर के लिए बेटे का मांस देने को कहा था, जिस पर राजा और रानी ने मिलकर अपने इकलौते पुत्र को आरे से चीरकर भगवान को अर्पित कर दिया था। भगवान कृष्ण ने उसके बाद उनके पुत्र को जीवित कर दिया था। ऐसे महान राजा की गाथा अब सिर्फ कहानियों में ही शेष रह गई है।


> ग्राम पंचायत मरौरी खास की पहचान आज भी राजा मोरध्वज की नगरी के रूप में होती है। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण ऐतिहासिक धरोहर का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। बेशकीमती जमीन पर जिम्मेदारों के संरक्षण के चलते कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिससे न तो सरकार को कोई फायदा हो रहा है, और न ही धरोहर के संरक्षण पर ही व्यय की जा रही है। – **गुरनाम सिंह**, ग्रामीण


> ग्राम पंचायत मरौरी खास सदियों से राजा मोरध्वज के किले के रूप में जानी जाती है। ग्राम पंचायत में सैकड़ों बीघा किले की जमीन है, लेकिन लोगों ने सांठगांठ करके अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिसे छुड़वाने के लिए प्रयास भी किया गया, लेकिन जिम्मेदारों के संरक्षण के चलते कामयाबी नहीं मिल पाई। दबंगों द्वारा फसल तक उगाई जा रही है।
> – **सुधीर सक्सेना एडवोकेट**, ग्रामीण


> गांव मरौरी खास स्थित मढ़ानाथ मंदिर से हजारों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। प्रत्येक सोमवार को मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भी जुटती है। किले की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से दबंगों द्वारा किए गए कब्जे की वजह से ऐतिहासिक धरोहर का अस्तित्व जहां खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।
> – **संजय शर्मा**, ग्रामीण


> जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते ऐतिहासिक धरोहर का अस्तित्व समाप्ति की कगार पर है। बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि सरकार ऐतिहासिक धरोहरों पर फोकस भी कर रही है, लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा राजा मोरध्वज के किले की जमीन पर किए गए कब्जे को भी आज तक नहीं हटवाया गया।
> – **अनिल सिंह**, ग्रामीण

## शोरूम मालिक पर धोखाधड़ी का आरोप एसपी से शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** माधोटांडा के गांव मझारा के रवेल सिंह ने बताया मार्च 2022 को ट्रैक्टर खरीदने पूरनपुर स्थित एक शोरूम गया था। यहां उनकी एक व्यक्ति से मुलाकात हुई। ट्रैक्टर खरीदने के लिए उनका छह लाख में सौदा तय हुआ था। इसके बाद वह ट्रैक्टर लेकर घर आ गए। आरोपी ने छह लाख रुपये का लोन करवाया था। जिसका मय ब्याज के किस्तें दे भी रहे हैं। काफी समय बीतने के बाद जब पीड़ित ने आरोपी से अपने ट्रैक्टर के कागजात मांगे तो वह टाल मटोल करने लगा। शोरूम पहुंचा तो वहां मौजूद सेल्समैन ने कह दिया कि कागज नहीं मिलेंगे। लगातार कागज के लिए शोरूम के चक्कर लगा रहे हैं। एसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

